6/संख्या-163/11-क0नि0-7-2015-700(465)/2014

प्रेषक,

अनिल कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त उप/सहायक महानिरीक्षक,
निबन्धन विभाग,
2- समस्त उप-निबन्धक, निबंधन विभाग,
उत्तर प्रदेश।

कर एवं निबंधन अनुभाग-7 लखनऊ: दिनांक- 30 जनवरी, 2015

विषय:-**शासनादेशों के पोर्टल** http://shasnadesh.up.nic.in **प्रत्येक कार्यदिवस में 11-00 बजे पूर्वाह्न एवं 04-30 बजे अपराह्न में अवलोकन के संबंध में।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि वर्तमान में प्रदेश के सभी विभागों के महत्वपूर्ण शासनादेशों को http://shasanadesh.up.nic.in पर अपलोड किया जा रहा है। स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग के शासनादेश उक्त पोर्टल पर संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन विभाग के अनुभाग-5 एवं 7 के अंतर्गत उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

2- बहुधा शासनादेश को आपको डाक से प्रेषित किये जाने में अत्यधिक विलम्ब होने आशंका रहती है। उपरोक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा है कि उपरोक्त वेबसाइट को प्रतिदिन (प्रत्येक कार्यदिवस में) एक निश्चित समय यथासम्भव 11-00 बजे प्रात: एवं 04-30 बजे अपराह्न में देख लिया जाए, जिससे उस पर तत्समय इन सभी शासनादेशों की तत्काल जानकारी हो सके और उसका क्रियान्वयन आपके स्तर से किया जा सके।

4- उपरोक्त के क्रम में किसी भी शासनादेश को उपरोक्त वेबसाइट पर अपलोड किये जाने पर यह समझा जाएगा कि उस कार्यदिवस में आप द्वारा उस शासनादेश का अवलोकन कर लिया गया है तथा तदनुसार आपसे उसका क्रियान्वयन अपेक्षित है।

5- कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
प्रमुख सचिव।

प्रतिलिपि- महानिरीक्षक, निबंधन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अनिल कुमार)
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in